# मलिहाबाद में बनेगा मेगा टेक्सटाइल पार्क

लखनऊ। योगी सरकार लखनऊ के मलिहाबाद में 1000 एकड़ जमीन पर मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाएगी। केंद्र सरकार इसके लिए हजार करोड़ रुपये की मदद करेगी। इससे पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

खादी मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल के साथ पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वस्त्र मंत्रालय की पीएम मित्र योजना के लखनऊ-हरदोई में इन्टीग्रेटेड टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क के लिए भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही शुरू हो गई है। वस्त्र इकाइयों की स्थापना होने पर 5 लाख व्यक्तियों को रोजगार मिलने की सम्भावना है।